उत्कृष्ट शिक्षा संस्थान को किया सम्मानित

नोएडा। ब्राण्ड्स एकेडमी द्वारा आयोजित एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड समारोह में कई नामी शिक्षण संस्थान को सम्मानित किया गया। भारत के प्रमुख स्वायत्त एवं निजी शिक्षा संगठनों को उनके अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद डा. शशि थरूर ने चुने गए श्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों में से एक शारदा यूनिवर्सिटी को श्रेष्ठ निजी विश्वविद्यालय के अवार्ड से सम्मानित किया गया। जबकि एक्युरेट इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी को दिल्ली एनसीआर में श्रेष्ठ अभियांत्रिकी विश्वविद्यालय तथा उत्तरी भारत में श्रेष्ठ प्रबंधन संस्थान के लिए अवार्ड मिला। आईआईएमटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गलगोटिया विश्वविद्यालय एआईएचएम, नेक्स-जी एक्सुबरेंट सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड, डा. कुमुद सरीन एवं डॉल्फिन किड्स को उत्कृष्ट काम के लिए अवार्ड प्रदान किये गये।

इस अवसर पर डा. शशि थरूर ने कहा कि भारत के शैक्षिक संस्थान ही देश के भावी विकास के आधार स्तंभ है। देश के शैक्षिक संस्थानों में शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने का ब्राण्ड्स एकेडमी का यह कदम सराहनीय है। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि आपकी उपलब्धियों को सम्मानित करने से अन्य संस्थानों को भी प्रेरणा मिलेगी।

इस अवसर पर ब्राण्ड्स एकेडमी प्राइवेट लिमिटेड के वाइस प्रेसीडेंट्स संजय कुमार के साथ साथ विभिन्न कॉलेजों से आये प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

ब्रैंड एकेडमी अवार्ड में नोएडा के शैक्षिक संस्थान अव्वल

नोएडा। ब्रैंड एकेडमी द्वारा आयोजित अवार्ड कार्यक्रम में सोमवार को नोएडा के विभिन्न शैक्षिक संस्थानों ने बाजी मारी। इस अवार्ड समाारोह में नोएडा की शारदा यूनिवर्सिटी, एआईएमटी, आईआईएमटी, गलगोटिया विवि, एआईएचएम, नेक्स-जी, डॉलफिन किड्स आदि संस्थाओं ने अपना प्रचम लहराया। इस अवसर पर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन गुड़गांव में था।